बिहार सरकार
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
कार्यालय आदेश

संख्या–अ0स0क0–01–55 / 2026...722/ पटना, दिनांक 03/11/26 /

योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना का आदेश ज्ञापांक–5975 दिनांक–26.10.2026 द्वारा सुश्री अजकिया जावेद, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास की प्रतिनियुक्ति क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोसी प्रमंडल, सहरसा से समाप्त करते हुए अगले आदेश तक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त किया गया है। क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोसी प्रमंडल, सहरसा के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–222 दिनांक–27.10.2026 के द्वारा सुश्री अजकिया जावेद को विभाग में योगदान हेतु दिनांक–27.10.2026 के अपराह्न में विरमित किया गया। विरमितोपरान्त इनके द्वारा दिनांक–28.10.2026 के पूर्वाह्न में विभाग में योगदान दिया गया है। सुश्री अजकिया जावेद के योगदान को योगदान की तिथि अर्थात 28.10.2026 के पूर्वाह्न से स्वीकृत करते हुए निम्नवत् कार्य आवंटित किया जाता है:–

1. योजना उद्व्यय का निर्धारण संबंधी कार्य।
2. योजना विकास विभाग से समन्वय स्थापित करना।
3. विभागीय योजनाओं का अनुश्रवण का कार्य।
4. वक्फ योजनाओं एवं अन्य योजनाओं यथा–छात्रावास योजनाओं की स्वीकृति आदि से संबंधित अभिलेख का जाँच संबंधी कार्य।
5. समय–समय पर विभागीय सचिव द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।

(i) योजना से संबंधित प्रशाखा के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा विषयवस्तु की जाँच हेतु संचिका सुश्री अजकिया जावेद, सहायक योजना पदाधिकारी को पृष्ठांकित की जायेगी, जाँचोपरांत सुश्री अजकिया जावेद संचिका पुनः संबंधित पदाधिकारी को वापस करेंगी।

2. प्रस्ताव पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।
3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0 / –
(सुनील कुमार सुबन्धु)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– अ0स0क0–01–55 / 2026...4606/ पटना, दिनांक–03/11/26 /

प्रतिलिपि :– सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक–5975 दिनांक–26.10.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोसी प्रमंडल, सहरसा के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–222 दिनांक–27.10.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास (सासाराम) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। विभाग से प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी के

आधार पर सुश्री अजकिया जावेद के वेतनादि का नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

प्रतिलिपि :– सभी पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी कर्मी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सुश्री अजकिया जावेद, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास सम्प्रति प्रतिनियुक्त अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के निदेश के साथ प्रेषित।

2/11/26

सरकार के उप सचिव